# शहर में बिछी सीवरेज लाइन चॉक, आमजन के लिए बनी नासूर

**गंगापुर सिटी ।** नगर परिषद क्षैत्र में इन दिनों जगह जगह एलएनटी के द्वारा बिछाई गई सीवरेज लाइन लोगों के लिए नासूर बन गई है। जगह-जगह एलएनटी के द्वारा डाली गई सीवरेज लाइन बंद होने के कारण गंदा पानी और मलवा सडक पर फैल रहा है। जिसके कारण लोग परेशान

- **शिकायत के बाद भी अधिकारी व जन प्रतिनिधी नहीं दे रहे ध्यान**

है और नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे हैं। बार-बार शिकायत के बावजूद भी नगर परिषद के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है और न ही प्रशासन का इस और कोई ध्यान है।

वार्ड तीन के पार्षद डॉ. बुधराम मीणा ने आरोप लगाते हुए कहा कि शहर में अमृत योजना के तहत एलएनटी कंपनी के द्वारा सीवरेज लाइन नगर परिषद के नेतृत्व में डालने का काम शुरू किया गया था, लेकिन नगर परिषद के अधिकारियों की अनदेखी के कारण एलएनटी कंपनी के द्वारा सही मापदंड के अनुसार और गुणवत्ता के तहत लाइन नहीं बिछाई गई। इसके कारण शहर में जगह-जगह सीवरेज की लाइन बंद पडी हुई है। उन्होंने बताया कि वार्ड 3 में विगत दो माह से सीवरेज लाइन चौक पडी हुई है। साथ ही सीवरेज के सभी चेंबरो से गंदा पानी और गंदगी आम रास्ते पर जमा होकर बाहर फैल रही है। इसके कारण वार्ड वासियों का जीवन नारकीय बना हुआ है। इसके अलावा गंदगी और मलवा से आसपास का वातावरण प्रदूषित हो रहा है। साथ ही लोगों को गंदगी और बदबू के कारण परेशानी उठानी पड रही है। उन्होंने बताया कि इस गंदगी के कारण बीमारियों के होने का भी अंदेशा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि इस मामले में कई बार नगर परिषद के कनिष्ठ और सहायक अभियंता को अवगत कराया गया, लेकिन बार-बार शिकायत करने के बाद भी आज तक समस्या का समाधान नहीं किया गया। इतना ही नहीं एलएनटी कंपनी के अधिकारियों का भी समस्या के समाधान के प्रति कोई ध्यान नहीं है। ऐसा लगता है कि कंपनी के साथ-साथ नगर परिषद को भी आमजन की उक्त समस्या से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कलेक्टर डॉक्टर गौरव सैनी को पत्र भेज कर वार्ड 3 में दयाल नगर और विद्युत नगर में बंद सीवरेज की लाइन को चालू करवाने और एलएनटी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर लाइन को दुरुस्त करने के लिए पाबंद करने की मांग की है।



**दयाल नगर में सिवरेज का निकलता गंदा पानी**

## अन्नकूट महोत्सव की जानकारी दी

**भरतपुर** (निस)। 7 नवम्बर को किला स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर किला में होने वाले 18वें विशाल अन्नकूट महोत्सव की श्री बांके बिहारी मंदिर विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरीश सिंघल ने पदाधिकारियों के साथ जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18वॉ अन्नकूट महोत्सव मंदिर परिसर में 7 नवम्बर 2024 को सुबह 11 ग्यारह बजे से किया जा रहा है जिसमें बाहर के प्रांगण में जमीन पर बैठकर प्रसादी दी जावेगी तथा मंदिर के पीछे जो भक्त जमीन पर नहीं बैठ सकते उनके लिए टेबिल कुर्सी पर बैठाकर प्रसादी की व्यवस्था की जा रही है। इस आयोजन में करीब पच्चीस हजार भक्तों को बैठाकर भोजन प्रसादी कराई जावेगी। उसके बाद 4.30 बजे से लगभग दस हजार लोगों को दौने में प्रसादी वितरित होगी। इसी दिन सुबह श्रृंगार आरती में फूल बंगला एवं छप्पन भोग के दर्शन होंगे जोकि सांय तक लगे रहेंगे। छप्पन भोग का वितरण अगले 2 दिनों तक मंगला, श्रृंगार तथा सांय को होगा। अध्यक्ष गिरीश सिंघल द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 120 क्विंटल कच्ची सामठी द्वारा प्रसादी का निर्माण किया जावेगा। इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के मंत्री पंकज बंसल, कोषाध्यक्ष सतीश मित्तल, शिवशंकर बंसल, विनय सीए, सुभाष व्यास, लक्ष्मण पाठक, सत्येन्द्र गर्ग, कृष्ण कुमार आदि ट्रस्ट के अनेक सदस्य दिन रात अपनी सेवाऍ दे रहे हैं।

## प्रतियोगिता का आयोजन

**गंगापुर सिटी ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला गंगापुर सिटी द्वारा स्टूडेंट फॉर सेवा के माध्यम से दीपावली के उपलक्ष पर रंगोली, मेंहदी और दीपक सजावट प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन किया गया। स्टूडेंट फॉर सेवा के प्रांत संयोजक सीताराम गुर्जर ने बताया कि एसएफएस की ओर से ऑनलाइन प्रतियोगिता शुरू की गई थी। जिसमें दीपावली के उपलक्ष्य में ऑनलाइन प्रतियोगिता में अपने घरों पर रंगोली बनाकर, दीपक सजाकर भेजना था। प्रतियोगिता में काफी संख्या में छात्राओं ने उत्साह से बढ चढकर भाग लिया। इसमें ऑनलाइन प्रतियोगिता में 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित की गई। आज प्रतियोगिता का परिणाम जारी किया गया है। प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए एक से दो मिनट वीडियो और रंगोली एव मेहंदी डिजाइन की वीडियों बनाकर व्हाट्सएप पर भेजी गई। एबीवीपी के जिला संयोजक मनोज सैनी ने बताया कि प्रतियोगिता में छात्राओ ने भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक एबीवीपी जिला सह संयोजक नंदनी जोशी, नगर मंत्री पिंकी सैनी, कॉलेज इकाई अध्यक्ष मुस्कान माहवर, इकाई सचिव नादानी टीकर, गीतांशी चौहान, महिमा खटाणा रही।उन्होंने बताया कि दीपक सजावट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ज्योति बैरवा गवर्नमेंट पीजी कॉलेज गंगापुर सिटी, द्वितीय स्थान दीक्षा राजावत एवं तृतीय स्थान पूजा गुप्ता रही।

## कोटपा के तहत तंबाकू सेवनकर्ताओ के काटे चालान

**करौली**(नि.स.)। तम्बाकू उत्पादों के सेवन से कैंसर जैसी बीमारी एवं दर्दनाक मौत होने कि चेतावनी लिखे होने के बावजूद तंबाकू का सेवन सेहत के लिए हानिकारक है। इसके बाबजूद लोगो द्वारा तम्बाकू सेवन करना चिंता का विषय है। जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामके'ा मीना ने बताया कि अस्पताल परिसर में तंबाकू खाके पीक थूकने से दीवारों पर पीक के निशान एवं गंदगी हो जाती है जिससे साफ सफाई व्यवथा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और आमजन को उच्च स्तरीय सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। आमजन मे जनजागरूता हेतु अस्पताल परिसर में तंबाकू उत्पादों का सेवन कर्ताओं पर कोटपा कानून के तहत 200 रुपए तक जुर्माना एवं समझाइश की जा रही है। बुधवार को मंडरायल रोड स्थित एमसीएच एवं नवीन चिकित्सालय भवन मे की गई कार्यवाही में 55 सेवनकर्ताओ के चालान काट कर राशि वसूली गई तथा भविष्य में नशा नही करने की शपथ दिलवाई गई। कोटपा टीम में पीएमओ डॉ रामकेश मीणा, नशा मुक्ति प्रभारी डॉ प्रेमराज मीना, नर्सिंग अधीक्षक बूँदी लाल मीना, वरिष्ट नर्सिंग अधिकारी समय सिंह मीना,राजेश मीना,उमेश सैनी,फार्मासिस्ट रामावतार गुर्जर एवं सुरक्षागार्ड रामवीर गुर्जर शामिल रहे। पीएमओ डॉ रामकेश मीना ने बताया कि तम्बाकू सेवनकर्ताओ के गुटखा तम्बाकू की पीक थूकने से अस्पताल परिसर की साफसफाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हैं। अस्पताल परिसर को स्वच्छ बनाने में आमजन तंबाकू उत्पादों के सेवन से दूर रहे। तम्बाकू की लत छोड़ने हेतु जिला अस्पताल में संचालित तंबाकू नियंत्रण इकाई मे निशुल्क उपचार उपलब्ध हैं।

# लोक संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम समाज में सद्भाव बढ़ाते हैं - शिवकुमार सैनी

**हिण्डौन सिटी ।** बाघा का हनुमान जी मंदिर वैधवाडा खरेटा रोड पर आयोजित विशाल हरि कीर्तन दंगल समापन के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी ने कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की ।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष का 51 मीटर का साफा बंधवाकर समाज के पांच आदमी बचनसिंह सैनी, मलखान सैनी, रामप्रसाद सैनी,धर्मसिंह सैनी, हजारीलाल सैनी भीमसिंह, लक्ष्मीनारायण सैनी,के द्वारा किया भव्य स्वागत जिला अध्यक्ष के साथ में पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र मीणा, हिंडौन नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष दिनेश चन्द सैनी,मंच संचालन संभालते हुए महेश चंद सैनी राष्ट्रीय राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड प्रदेश प्रवक्ता सुरोंठ,सत्येंद्र चौधरी जिला उपाध्यक्ष,बबली चतुर्वेदी पूर्व पार्षद, सैनी समाज हिंडौन तहसील अध्यक्ष मोहनलाल सैनी ,भूपेंद्र गुर्जर जिला महामंत्री भाजयुमो,ओमी और बंटी भाजपा कार्यकर्ता साथ में मौजूद थे । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सैनी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लोक संस्कृति से जुड़े हुए कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर होना चाहिए इन कार्यक्रमों से जुड़कर समाज में आपसी प्रेमभाव और सद्भाव बढ़ता है । उन्होंने कहा कि लोक संस्कृति समाज की धरोहर है इसे बचाए रखना हम सभी का दायित्व है।

वैधवाडा के करण सैनी, काछीपुरा के मुन्सी सैनी, श्यारौली के प्रकाश सैनी, मालीपुरा तालचिडी के लखन सैनी, सभापति हजारी लाल सैनी फतेहपुर व उनकी टीम ने धार्मिक रचनाओं पर आधारित प्रस्तुतियों दी जिन्हें सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए।

## देव दर्शन कर सफलता की कामना की

हिंडौन सिटी । नादौती के कस्बे के उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर न के तत्वावधान में देव दर्शन कार्यक्रम के तहत कक्षा तीन से बारहवीं तक की बहनों को दुर्गा माता मंदिर ढहरिया ले जाया गया जिसमें 150 बहिने एवं आदर्श विद्या मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष रघुनंदन दत्त शर्मा एवं उपाध्यक्ष रामपाल अध्यापक, समिति सदस्य मुकेश सैन सहित सभी सदस्यों व सभी छात्राओं ने मंदिर पर जाकर जगदंबे के दर्शन किए और देवी मां के भजनों का गुणगान किया जगदंबे मंदिर कमेटी के सदस्यों बी एस गुरू, नरेन्द्र व्याख्याता आरपी, रामरुप अध्यापक के द्वारा साफा बांधकर समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया । भूपेन्द्र खटाना ने बताया कि प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद शर्मा एवं विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष शिवजी राम मीणा रिटायर तहसीलदार का उद्बोधन प्राप्त हुआ इसी बीच विद्यालय के आचार्य ओम प्रकाश सैनी, भूपेन्द्र खटाना कैमरी, राजेंद्र प्रसाद चौहान, अमरेश कुमार शर्मा, ज्योति जांगिड़, दीक्षा जायसवाल व ज्योति सैन, उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट का आयोजन 7 को

**भरतपुर** (निस)। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत 7 नवम्बर को जिला स्तरीय इन्वेस्टर मीट का आयोजन द ठाांड बरसो रिसॉर्ट में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। जिसमें जनप्रतिनिधियों, उद्यिमयों की उपस्थिति में 1446 करोड रूपये से अधिक निवेश के एमओयू किये जायेंगे। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि राइजिंग राजस्थान के तहत जिले में अब तक 59 संबंधित इकाईयों से विभिन्न क्षेत्रों में 1446 करोड रूपये से अधिक के प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। जिनसे करीब 6 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत होंगे, गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में परिवहन आयुक्त एवं जिला प्रभारी सचिव शुचि त्यागी, विशेष अतिथि के रूप में सम्भागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता शामिल होंगी साथ ही निवेशक, उद्यमी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहेंगे। महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र सीएम गुप्ता ने बताया कि जिला स्तरीय इनवेस्टमेन्ट समिट कार्यक्रम में जिले में निवेश हेतु इच्छुक उद्यिमयों के साथ राज्य सरकार की ओर से एमओयु हस्ताक्षर किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इच्छुक उद्यिमयों के लिए ऑनलाईन एमओयू हेतु राजनिवेश पोर्टल पर व्यवस्था की गई है।

## भूखण्डों के पट्टे किये वितरित

भरतपुर (निस)। सचिव नगर विकास न्यास ऋषभ मंडल ने बताया कि नगर विकास न्यास के नागरिक सेवा केन्द्र पर न्यास की योजना संख्या 13 में अवाप्त भूमि के बदले विकसित भूखण्डों के पट्टे वितरित करने हेतु बुधवार 6 नवम्बर को कैम्प का आयोजन किया गया।

## बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**करौली( नि.स. )।** राजकीय महाविद्यालय करौली प्रांगण में जिला स्तरीय सीनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों का चयन किया गया। मुक्केबाजी संघ से जुडे दारा सिंह मीना ने बताया कि राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में 24वीं 8 से 10 नवंबर तक कोटा में आयोजित होगी जिसमें यह विजेता खिलाड़ी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे 51 किलो में राज महावर, 54 किलो में अतर सिंह गुर्जर, 57 किलो में राहुल शर्मा, 60 किलो में मोनू तंवर, 63 किलो में संकल्प लवानिया, 71 किलो में कमलदीप मीणा, 75 किलो में विवेक मीणा, 80 किलो में पीयूष शर्मा, 85 किलो में राम अवतार गुर्जर, 92 प्लस में अजय गुर्जर का चयन किया गया है।

# भगवान को लगाई अन्नकूट की प्रसादी

**करौली** (नि.स.)। जिले में गोवर्धन पूजा के साथ शुरू हुए अन्नकूट महोत्सव का दौर जारी है। मंदिरों में नियमित रूप से अन्नकूट महोत्सव के आयोजन हो रहे हैं अन्नकूट में विभिन्न व्यंजनों की भगवान को प्रसादी लगाई जा रही है इसी क्रम में बुधवार को करौली जिला मुख्यालय स्थित विवेक बिहार कॉलोनी के हनुमान मंदिर पर महाकाल भक्त मंडल कि ओर से अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमे कॉलोनी के महिला पुरूष पंगत लगाकर प्रसादी ठाहण कि। महाकाल भक्त मंडल के रामरज शर्मा,सुरे'श चन्द शर्मा,उमेश मुदगल,पुष्पेन्द्र मुदगल, ललित मुदगल,मदन मोहन गुर्जर,य'पाल बैंसला,मुन्ना लाल मीना,राहुल तिवाडी के द्वारा यह आयोजन किया गया। वही मामचारी गॉव मे जोगियो के देव स्थान भैरवनाथजी के मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बाजरा कढ़ी की प्रसादी तैयार की गई और भैरवनाथ मंदिर पर भोग लगाकर गांव के सभी महिला पुरुषों ने प्रसादी ली और कैलादेवी जाने वाले यात्रियों एवं राहगीरों के साधनों को रुकवा-रुकवा कर अन्नकूट प्रसादी का वितरण किया गया। ईमित्र संचालक एवं समाजसेवी भंवर सिंह मीणा ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम के मौके पर रामदयाल डॉ.,शिवदेश मार्वल ठेकेदार,गोपाल जोगी, लालाराम,पिंटू लाल, लखन लाल मीना,मंटू भगत,कल्ला जोगी,अजय मीणा,लोग मौजूद रहे।

# बाल विवाह रोकथाम हेतु चलाया जायेगा अभियान

**करौली**(नि.स.)। बाल विवाह मुक्त करौली अभियान के तहत बाल विवाह रोकथाम हेतु विशेष अभियान का आयोजन किया जायेगा।

देव उठनी एकादशी व अन्य अबूझ सावो पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से बाल विवाह रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जावेगा। इस अभियान के सफल संचालन हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कि सचिव ममता चैधरी कि अध्यक्षता में उनके अवकाशागार में आज दिनांक 06 नवम्बर को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक सत्यनारायण नागरिया व जिला बाल संरक्षण ईकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग से सहायक निदेशक रिंकी किराड द्वारा अभियान के सफल संचालन व आमजन में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आगामी छः माह तक विभिन्न विधिक जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन हेतु रूपरेखा तैयार करने पर विचार विमर्श किया गया।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ममता चैधरी ने बताया कि बाल विवाह मानवाधिकारों का एक महत्वपूर्ण उल्लंघन है, जिसका नाबालिगों के स्वास्थ्य, शिक्षा और कल्याण पर गंभीर प्रभाव पडता है। भारत में बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 का उद्देश्य बाल विवाह को रोकना और इस मुद्दे को हल करने के लिए कानूनी उपाय प्रदान करना है। बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है, जिसमें बच्चों के माता-पिता या अभिभावक या कोई अन्य संगठन के सदस्य सहित कोई व्यक्ति जो बाल विवाह को बढावा देने या अनुमति देने के लिए कोई कार्य करता है या लापरवाही से इसे रोकने में विफल रहता है, इस तरह के विवाह में शामिल होने या भाग लेने सहित, इसे दोषी ठहराए जाने पर 02 साल तक के कठोर कारावास या एक लाख रूपये जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

बाल विवाह की सूचना नालसा हेल्प लाईन नम्बर 15100, चाईल्ड लाईन हेल्प लाईन नम्बर 1098, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में या बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों को सूचना दी जा सकती है। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक सत्यनारायण नागरिया ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समन्वय के साथ दिनांक 08 व 11 नवम्बर को सभी ब्लॉक स्तर पर जागरूकता रैली व कार्यशाला का आयोजन किया जावेगा तथा माह नवम्बर में जिला मुख्यालय पर बाल विवाह बाल विवाह से जुडे विभिन्न विभागों व एनजीओ के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया।

## दर्दनाक मृत्यु हुई

**भरतपुर** (निस)। थाना भुसावर के हिंडौन सड़क मार्ग स्थित गांव कारवान पर खनन सामठी लेकर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार पेपर देने जा रही एक बालिका की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। घटना के बाद ठाामीणों ने जाम लगा दिया जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से समझाइस की लेकिन लोग कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे और जाम खोलने से मना कर दिया। इसके करीब 3 घंटे बाद जाम खोला गया और मृतका के शव को पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए मोर्चरी पर रखवाया। जहां कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गांव घाटरी निवासी मनीषा पुत्री कुंवर पाल जाति जाटव अपने भाई के साथ बाइक पर सवार होकर स्नातक की परीक्षा देने भुसावर आ रही थी जहां गांव कारवान पर खनन सामठी लेकर आ रहे ट्रक चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन को चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार भाई एक साइड गिर गया और बहन पहिए के नीचे आ जाने से उसकी दर्दनाक मृत्यु हो गई। घटना के बाद ठाामीणों ने जाम लगाया जिसकी सूचना मिलते ही सीओ धर्मेंद्र शर्मा, थानाधिकारी सुनील गुप्ता एवं तहसीलदार राजेंद्र मोहन मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और घटना को लेकर जानकारी ली। काफी समझाइश के बाद करीब 3 घंटे बाद जाम को खोला गया और शव का पोस्टमार्टम कार्रवाई करवा कर सब परिजनों को सुपुर्द किया गया।

# असाधारण सभा की बैठक मे बिजली पानी का छाया रहा मुद्दा



**साधारण सभा की बैठक में मोजूद पंचायत जन प्रतिनिधी व प्रशासनिक अधिकारी**

**गंगापुर सिटी ।** पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक में मंगलवार को जिला परिषद सदस्य पुखराज गुर्जर ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के जेईएन-एईएन फोन नहीं उठाते, जिससे बिजली समस्या का समाधान नहीं हो रहा। इतना ही नहीं किसानों को अब वर्तमान में ट्रांसफार्मर की आवश्यकता है। बैठक में अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने अपने क्षेत्र की बिजली, पानी और सडक आदि की समस्याओं को सदन में रखते हुए समाधान नहीं होने से नाराजगी जाहिर की। इस पर प्रधान मंजू गुर्जर ने सभी समस्याओं के अभिलंब निराकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए। बगलाई सरपंच अमरसिंह मीणा ने मुद्दा उठाते हुए कहा कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनाया गया बगलाई की बैरवा बस्ती में बनाया गया गौरव पथ टूट गया है, ऐसे इसकी मरम्मत कराई जाए। इतना ही नहीं सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा जो अभी लिंक रोड बनाया गया है, उसकी दोनों साइड पटरी नहीं बनाई, जिससे दुर्घटना की आशंका रहती है। छाबा सरपंच ने आरोप लगाया कि छाबा में ग्राम सेवक द्वारा किसानों को बीज उपलब्ध नहीं कराया जाता, जिससे उन्हें समस्या होती है। बैठक में पंचायत समिति के विकास अधिकारी ने बताया कि पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक में विभिन्न विभागों के जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बिजली, पशुपालन, जलदाय विभाग, सर्वजनिक निर्माण विभाग और चिकित्सा विभाग से संबंधित अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में रखा और समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से आग्रह किया।

## सार-समाचार

### अन्नकूट महोत्सव का आयोजन



**भरतपुर** (निस)। प्रताप कोलोनी स्थित प्राचीन श्रीजनकामेश्वर एवं हनुमान जी मंदिर में गोवर्धन पूजन अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। महंत जगमोहन शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार कर पूजा अर्चना कर एवं दोपहर 12 बजे महाआरती की गई। मंदिर को फूल बंगला झांकी एवं रंग बिरंगी लाइटो से सजाया गया। एवं भगवान को विभिन्न प्रकार के व्यजंनो का भोग लगाया गया। नरेन्द्र माथुर एवं ओमप्रकाश ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में भक्त मण्डल एवं जन सहयोग से आयोजित अन्नकूट महोत्सव में विशेष सहयोग रहा। उषा नारंग एवं महिला मंडली का भी विशेष सहयोग रहा। सुरेश अरोडा ने बताया कि इस शुभ अवसर पर राजेश दीक्षित, ईशु नारंग, रमाकान्त शर्मा, गौरव सिंह, प्रेम सिंह सैनी, ज्ञान सिंह, डॉ. केके उपाध्याय, जीतेन्द्र गोयल, राजू नांरग, सुखवंत सिंह, हरबंस नारंग, संतोष शर्मा, संजय शर्मा, रोबिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

### दीपावली मिलन समारोह का आयोजन

**करौली** (नि.स.)। पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय कि उपस्थिति में दीपावली स्नेह मिलन समारोह और संपर्क सभा का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन में हुआ जिसमे जिले के आला पुलिस अधिकारियों सहित 200 से अधिक जवानों से पुलिस अधीक्षक रूबरू हुए। करौली रिजर्व पुलिस लाईन में आयोजित संपर्क सभा में पुलिस अधीक्षक बृजे'ा ज्योति उपाध्याय ने पांच दिवसीय दीपावली त्योहार के अवसर पर पुलिस जवानों द्वारा पूर्ण मुस्तैदी से निष्ठा पूर्वक कर्तव्य निर्वहन करने के संबंध में प्रशंसा करते हुए उनकी हौसला अफजाई की। संपर्क सभा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों कि समस्याएं सुनते हुए उनके निराकरण के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को दिए निर्देश। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राज्य सरकार एवं राजस्थान पुलिस मुख्यालय से संबंधित समस्याओं को पत्राचार के माध्यम से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जायेगा इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम करौली पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम,कैलादेवी पुलिस उपाधीक्षक मीना मीणा सहित जिले भर के पुलिस उपाधीक्षक,थाना अधिकारी व पुलिस जवान उपस्थित रहे।

### निष्पक्ष जांच और कार्रवाई मांग

**भरतपुर** (निस)। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा को पत्र लिखकर हाल ही में कुम्हेर गेट बाजार में व्यापारी के साथ पुलिस द्वारा किए गए बर्बर व्यवहार की कडी निंदा की और इस मामले में शीघ्र एवं निष्पक्ष जांच के साथ आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पत्र में निदेशक गुप्ता ने उल्लेख किया है कि 5 नवंबर को विभिन्न समाचार माध्यमों से ज्ञात हुआ कि कुम्हेर गेट बाजार में पुलिस ने एक गंभीर और संवेदनशील घटना को अंजाम दिया। थानाधिकारी ने क्यूआरटी टीम के साथ व्यापारी को उसकी दुकान में घुसकर थप्पड मारे और सीसीटीवी फुटेज में उन्हें डंडे से मारते हुए देखा गया, जिसके बाद व्यापारी को गाड़ी में धकेलकर थाने ले जाया गया। यह कृत्य अमानवीय और अपमानजनक है, जिससे व्यापारी समुदाय में भय और आक्रोश की भावना उत्पन्न हो गई है और बाजार क्षेत्र में सामुदायिक संबंधों के बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया है। गुप्ता ने इस घटना को कानूनी और मानवाधिकार दृष्टिकोण से अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि पुलिस द्वारा बिना उचित कारण बल प्रयोग करना अत्यंत चिंताजनक है। निर्दोष नागरिकों के सम्मान और अधिकारों का हनन अस्वीकार्य है और यह पुलिस की जनसेवा और जनता के प्रति उत्तरदायित्व के मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने पत्र के माध्यम से इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, यह सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही, उन्होंने यह भी लिखा कि कोई भी नागरिक अपने अधिकारों और सम्मान से वंचित न रहे।

### बैठक आयोजित

**भरतपुर** (निस)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान के अन्तर्गत भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज एवं सक्रिय सदस्यता अभियान के जिला संयोजक गिरधारी लाल गुप्ता के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने बताया कि जिले में मण्डल अध्यक्ष एवं मण्डल सक्रिय सदस्यता सहयोगियों द्वारा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं जिला पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, मोर्चो के पदाधिकारियों को सक्रिय सदस्य बनना होगा। जिसके लिए 50 प्राथमिक सदस्य बनाये है केवल उन्ही को सक्रिय सदस्य बनाया जायेगा और केवल सक्रिय सदस्यों को ही मण्डल एवं उससे ऊपर के पदाधिकारी बनाने की अनुमति होगी साथ ही पंचायत चुनाव व निकाय चुनाव में भी केवल सक्रिय सदस्य को प्राथमिकता दी जावेगी। इस अवसर पर सक्रिय सदस्यता अभियान के जिला संयोजक गिरधारी गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक बूथ पर कम से कम दो सक्रिय सदस्य बनाने अनिवार्य है साथ ही सामाजिक प्रतिनिधित्व को भी ध्यान में रखकर महिला, युवा, दलित तथा हर वर्ग को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देते हुए सक्रिय सदस्य बनाये जायेंगे। जिला समीक्षा समिति द्वारा अधिकृत सदस्यों की सूची का प्रकाशन 5 नवम्बर को कर दिया गया है और पार्टी के सांसद, विधायक, जिला प्रमुख, पूर्व प्रधान और भाजपा के सभी दायित्वान कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ पदाधिकारी को भी मण्डल अध्यक्ष घर-घर जाकर सदस्य बनायेंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रज्जन सिंह महुआ, मोहन रारह, पूर्व जिलामंत्री मुकेश सिंघल, कुशल पाल सिंह राजावत, उदयभान शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर** (निस)। मथुरा गेट थाना पुलिस ने नाबालिग के साथ छेडछाड करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में वांछित आरोपियों की धरपकड अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सतीश यादव व वृताधिकारी वृत शहर पंकज यादव के सुपरवीजन में थानाधिकारी करनसिंह मय गठित टीम द्वारा द्वारा थाना मथुरागेट के प्रकरण में नाबालिग के साथ छेडछाड करने के मामले का आरोपी अमन खॉन पुत्र शरीफ खॉन उम्र 25 साल जाति मुसलमान निवासी मदरसा के पास मौहल्ला गोपालगढ थाना मथुरागेट को गिरफ्तार किया गया है। 19 सितम्बर को एक महिला ने थाना चिकसाना निवासी एक महिला ने मदरसा के पास मौहल्ला गोपालगढ थाना मथुरागेट निवासी अमन खॉन पुत्र शरीफ खॉन उम्र 25 साल के विरूद्ध उसके घर में घुसकर नातिन के साथ छेडछाड करने व नहाते हुये के फोटो खींच लेना तथा वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाने के लिये दबाब बनाने का एक मामला थाना मथुरागेट पर पंजीबद्ध कराया था। थानाधिकारी करनसिंह मय जाप्ता द्वारा दौराने अनुसंधान इस मामले के नामजद आरोपी अमन खॉन पुत्र शरीफ खॉन उम्र 25 साल निवासी मदरसा के पास मौहल्ला गोपालगढ थाना मथुरागेट को गिरफ्तार किया गया है।

### कलश यात्रा निकली

**करौली**(नि.स.) । करौली शहर की शिव कॉलोनी में शुरू हुई श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ से पूर्व धूमधाम के साथ कलश यात्रा निकाली गई जिसमें लोगों ने जय करो की धूम मचा दी। करौली शहर की शिव कॉलोनी निवासी श्रीमती रमादेवी की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का बुधवार से शुभारंभ हुआ इससे पूर्व शहर की गोमती कॉलोनी स्थित संत गोमती दास जी महाराज के आश्रम से विशाल कलश यात्रा निकाली गई इस दौरान महिलाएं रंग-बिरंगे परिधानों में सजधज कर सर पर कलश लिए मंगल गीत गाते हुए चल रही थी वही आगे आगे परिवार का एक व्यक्ति धर्म ध्वज पताका लेकर चल रहा था कलश यात्रा में श्रीमती रमादेवी के पुत्र सहायक प्रशासनिक अधिकारी पुष्पेंद्र शर्मा अपने सिर पर भागवत कथा लेकर चल रहे थे तो वही उनकी पत्नी मुख्य कलश को लेकर चल रही थी वही बैंड बाजे कि धुन पर बज रहे मधुर भजनों पर लोग नाचते गाते जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।